# कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।

पत्रांक 2054 / 180-15 /114 दिनांक :— 18/08/2026

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
प्रधान कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

**विषय :—** **दैनिक भास्कर, प्रकाशन श्रावस्ती में प्रकाशित विषय ''गणेशपुर में 2 साल से नल की टोटियॉ सूखी जल जीवन मिशन के तहत विछायी पाइपलाइन से नही मिल रहा पानी'' पेपर कटिंग के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 16.08.2026 को दैनिक भास्कर, प्रकाशन श्रावस्ती में प्रकाशित विषय **''गणेशपुर में 2 साल से नल की टोटियॉ सूखी जल जीवन मिशन के तहत विछायी पाइपलाइन से नही मिल रहा पानी''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत शिकारी चौरा अन्तर्गत शिकारी चौरा पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एल.एण्ड.टी. द्वारा कराया जा रहा है। सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा उक्त योजना की जॉच की गयी। जांचोपरान्त पाया गया कि उक्त योजना पर वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल का कार्य 100 प्रतिशत, पम्प हाउस का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य 80 प्रतिशत, गृह संयोजन का कार्य 55 प्रतिशत एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। आसाम रोड बहराइच से ककरदरी मार्ग का चौड़ीकरण होने के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने एवं मुख्य पाइप लाइन डालने का कार्य अवशेष है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के मरम्मत कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार कर प्रा. ख.लो.नि.वि. श्रावस्ती को प्रेषित किया गया है। शीघ्र ही क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत एवं अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुए ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

भवदीय

(मोहम्मद इमरान)
**अधिशासी अभियन्ता**

*पृष्ठांकन संख्या एवं तददिनांक*

***प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—***

1. जिलाधिकारी महोदया, श्रावस्ती।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्रावस्ती।
3. जिला विकास अधिकारी, श्रावस्ती।
4. जिला सूचना अधिकारी, श्रावस्ती।

अधिशासी अभियन्ता